बिहार सरकार
**निर्वाचन विभाग**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्सः– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेलः– ceo_bihar@eci.gov.in

## प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 23 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

ज्ञातव्य है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के चौथे चरण में पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0, बेगूसराय एवं मुंगेर) के लिए आज दिनांक 23.04.2024 को नामांकन का पाँचवां दिन था। उक्त पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् हैः–

| लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम | क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दल सम्बद्धता |
|---|---|---|---|
| दरभंगा | 01 | रंजीत कुमार राम | वाजिव अधिकार पार्टी |
| उजियारपुर | 01 | नित्यानन्द राय | भारतीय जनता पार्टी |
| | 02 | संजय पासवान | निर्दलीय |
| | 03 | राम पुकार राय | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) |
| समस्तीपुर–अ0जा0 | 01 | राम लखन महतो | बहुजन समाज पार्टी |
| | 02 | पिंकू पासवान | राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी |
| | 03 | सनी हजारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी |
| | 04 | जीवछ कुमार हजारी | निर्दलीय |
| | 05 | रवि रौशन कुमार | निर्दलीय |
| बेगूसराय | 01 | मो शाह नवाज हसन | निर्दलीय |
| | 02 | राम वदन राय | कर्पूरी जनता दल |
| | 03 | इन्द्रजीत कुमार राय | निर्दलीय |
| मुंगेर | 01 | कुलदीप यादव | हिन्दुस्तान पीपुल्स पार्टी (डेमोक्रेटिक) |
| | 02 | कुमारी अनीता | राष्ट्रीय जनता दल |
| | 03 | श्याम नन्दन प्रसाद | निर्दलीय |

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के मामले में भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), मधेपुरा जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02)। इस संदर्भ में आठ (08) एफआईआर दर्ज हैं।

पुनः आदर्श आचार संहिता के तहत सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में लोक सम्पत्ति के तहत एक (01) मामला प्रतिवेदित है।

दिनांक 22.04.2024 को कुल **₹0.07030**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–17965.73(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹30.61250**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹6.23475**(लाख) रूपये मूल्य के 10697.64(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹48.61921**(लाख) रूपये मूल्य की 38164.87 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹85.53676**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।